| | | |
|---|---|---|
| (घ) | श्रीकृष्ण ने अर्जुन से यह गूढ़ वचन बताया कि वह अर्जुन तथा कर्ण दोनों की वीरता को जानते हैं। वह दोनों के बल से परिचित हैं परन्तु मन ही मन वह कर्ण को अर्जुन से भी बड़ा वीर मानते रहे हैं । | 2 |
| (ङ) | कृष्ण सोच रहे थे कि संसार में क्या कोई और ऐसा वीर है जो कर्ण की बराबरी कर सके? उसे युद्ध में पराजित कर सके ? | 2 |
| | | |
| | **खंड – ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण )** | 16 |
| **3.** | निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | हालदार साहब चौराहे पर रुककर मूर्ति को देखते थे । (सरल वाक्य) | 1 |
| (ख) | जाड़ा आता और बालगोबिन भगत एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। (संयुक्त वाक्य) | 1 |
| (ग) | आश्रित उपवाक्य- जो डुमराँव में मुख्यतः सोन नदी के किनारों पर पाई जाती है ।<br>आश्रित उपवाक्य का भेद – विशेषण आश्रित उपवाक्य | 1 |
| (घ) | जैसे ही नवाब साहब ने खीरे का आनंद लिया वैसे ही उनकी पलकें मुँद गईं । (मिश्र वाक्य) | 1 |
| (ङ) | संयुक्त वाक्य | 1 |
| | | |
| **4.** | निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | उसके द्वारा गिने-चुने फ्रेम नेताजी की मूर्ति पर फिट कर दिए जाते हैं । (कर्म वाच्य) | 1 |
| (ख) | नवाब साहब ने जेब से चाकू निकाला और खीरे छिलने शुरु कर दिए। (कर्तृवाच्य) | 1 |
| (ग) | बिना सहारे दादाजी से अब चला नहीं जाता है । (भाववाच्य) | 1 |
| (घ) | कर्तृवाच्य | 1 |
| (ङ) | कर्मवाच्य | 1 |
| | | |
| **5.** | निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | नया - विशेषण, गुणवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, 'पान' विशेष्य । | 1 |
| (ख) | खरीदे होंगे - क्रिया, सकर्मक, पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल । | 1 |
| (ग) | के साथ - संबंधबोधक अव्यय, घर और डाकखाने के बीच संबंध दर्शा रहा है। | 1 |
| (घ) | वाह ! – विस्मयादिबोधक अव्यय, प्रशंसासूचक | 1 |
| (ङ) | वे – सर्वनाम, अन्यपुरुषवाचक सर्वनाम, आदरार्थक बहुवचन, कर्ता कारक । | 1 |
| | | |
| **6.** | निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ।<br>– उपमा अलंकार | 1 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू ।<br>– अतिशयोक्ति अलंकार । | 1 |
| (ग) | बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की ।<br>– मानवीकरण अलंकार । | 1 |
| (घ) | तुम्ह तौ कालु हाँक जनु लावा । बार बार मोहि लागि बोलावा ।<br>– उत्प्रेक्षा अलंकार । | 1 |
| (ङ) | बढ़त देखि जल सम वचन बोले रघुकुलभानु ।<br>– रूपक अलंकार | 1 |
| | **खंड – ग**<br>**(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)** | 30 |
| **7.** | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br>काशी में संगीत आयोजन---------------------------------------- बजती है । | 5x1=5 |
| (क) | iv कथन I, II और IV सही हैं । | 1 |
| (ख) | iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है । | 1 |
| (ग) | ii काशी विश्वनाथ और बालाजी के प्रति । | 1 |
| (घ) | i संगीत आयोजन की । | 1 |
| (ङ) | i कथन I और II सही हैं । | 1 |
| | | |
| **8.** | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | कैप्टन के प्रति पानवाले ने टिप्पणी की थी 'वो लँगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में । पागल है पागल !' –<br>• उसकी यह टिप्पणी व्यंग्य भाव से परिपूर्ण है ।<br>• नैतिक मूल्यों के विरुद्ध है ।<br>• शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण व्यक्ति का उड़ाया गया उपहास है ।<br>• सर्वदा अनुचित ही नहीं अभद्रता का भी प्रतीक है ।<br>• ऐसी टिप्पणी करना अशोभनीय एवं अनुचित व्यवहार को दर्शाता है ।<br>• जबकि ऐसे देश-प्रेमी व्यक्तियों के प्रति हमारा व्यवहार स्नेह, सहयोग एवं सहानुभूतिपूर्ण होना चाहिए ।<br>( किन्हीं दो बिंदुओ का उल्लेख अपेक्षित ) | 1+1=2 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | बालगोबिन भगत ने महिलाओं की सामाजिक स्थिति सुधारने के लिए दो कार्य किए –<br>• उन्होंने अपने पुत्र को अपनी पतोहू से मुखाग्नि दिलाकर महिलाओं को पुरुषों के बराबर लाने का प्रयास किया ।<br>• बालगोबिन भगत ने अपने पुत्र की मृत्यु होने पर पतोहू के भाई को बुलवाकर आदेशात्मक स्वर में कहा, "इसकी दूसरी शादी कर देना।"<br>इस प्रकार विधवा विवाह के माध्यम से उन्होंने नारियों की सामाजिक स्थिति को सुधारना चाहा। | 2 |
| (ग) | 'शीला अग्रवाल' ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई –<br>• उनके साथ की गई लंबी बहसों ने लेखिका को साहित्य समझने की दृष्टि प्रदान की ।<br>• अनेक महत्त्वपूर्ण लेखकों को पढ़ने का सुझाव देकर मन्नू के चिंतन और मनन को सँवारा ।<br>• उन्हें साहसी और आत्मविश्वासी बनाया ।<br>• देश के स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदार बनाया ।<br>• उनकी जोशीली बातों से ही लेखिका की रगों का का खून लावा में बदल गया ।<br>• उन्होंने मन्नू के व्यक्तित्व को निखार कर असाधारण बनाया ।<br>( किन्हीं दो बिंदुओ का उल्लेख अपेक्षित ) | 2 |
| (घ) | 'संस्कृति' पाठ के आधार पर<br>• न्यूटन गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार करने के कारण संस्कृत मानव था ।<br>• आज के विद्यार्थी ने अपनी बुद्धि और विवेक के बल पर न्यूटन की तरह नया आविष्कार नहीं किया।<br>• अत: वह न्यूटन के समान सुसंस्कृत नहीं है।<br>• आज का विद्यार्थी न्यूटन के सिद्धांत के साथ-साथ अन्य बातों का भी ज्ञान रखता है ।<br>• इस आधार पर आज के विद्यार्थी को अधिक सभ्य तो कह सकते हैं परंतु संस्कृत नहीं । | 2 |
| | | |
| **9.** | निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br>ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी-------------------------------------ज्यौं पागी ।। | 5x1=5 |
| (क) | ii गोपियाँ- उद्धव । | 1 |
| (ख) | iv कथन I और IV सही हैं । | 1 |
| (ग) | iii कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है । | 1 |
| (घ) | iv गुर (गुड़) श्रीकृष्ण का, चाँटी (चींटी) गोपियों का । | 1 |
| (ङ) | ii कथन I और II सही हैं । | 1 |
| | | |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| **10.** | निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | शक्ति और साहस के साथ विनम्रता का होना आवश्यक है –<br>• विनम्रता के अभाव में शक्ति और साहस अनियंत्रित हो सकते हैं, जिसका परिणाम विनाशकारी होता है ।<br>• विनम्रता का न होना अहंकार को जन्म देता है ।<br>• जैसे परशुराम और लक्ष्मण में विनम्रता का अभाव था इसलिए उन्हें सभा के विरोध का सामना करना पड़ा ।<br>• जबकि राम में शक्ति और साहस के साथ विनम्रता भी थी इसलिए सभा ने उनका सम्मान किया । | 2 |
| (ख) | कवि अपनी आत्मकथा में निम्नलिखित तथ्यों का उल्लेख नहीं करना चाहता है-<br>• वह अपनी सरलता जो उसके दुखों का कारण रही है, का उल्लेख नहीं करना चाहता है ।<br>• वह अपने जीवन में की गई न तो भूलों को दिखाना चाहता है और न दूसरों के छल-कपट को।<br>• वह अपनी प्रेयसी के साथ बिताए सुखमय पलों को सबसे नहीं कहना चाहता है।<br>• वह अपने जीवन के दुर्बल पक्षों का भी उल्लेख नहीं करना चाहता है।<br>( किन्हीं दो बिंदुओ का उल्लेख अपेक्षित ) | 2 |
| (ग) | • कवि नागार्जुन अपनी घुमक्कड़ प्रवृत्ति के कारण प्रवासी जीवन व्यतीत करते थे ।<br>• अधिकांश समय अपने घर से दूर रहे, जिस कारण वे अपने शिशु के लिए अपरिचित हो गए ।<br>• कवि एक अतिथि की तरह बहुत दिनों पश्चात् लौटे हैं ।<br>• अपनी इसी स्थिति के कारण वे स्वयं को अन्य, इतर, अतिथि कह रहे हैं ।<br>• ये उनके अंतर्मन की पीड़ा और व्यथा को प्रदर्शित कर रहा है ।<br>( किन्हीं दो बिंदुओ का उल्लेख अपेक्षित ) | 2 |
| (घ) | • संगतकार जैसे व्यक्तियों की प्रासंगिकता हर काल में रही है और रहेगी ।<br>• संगतकार की बहुत ही महत्त्वपूर्ण एवं सार्थक भूमिका होती है ।<br>• ऐसे व्यक्ति समाज के हर छोटे -बड़े कार्य में सहायक की भूमिका का निर्वाह करते है ।<br>• प्रसिद्ध या महान व्यक्तियों की सफ़लता में स्वयं को पीछे रखकर अपनी मनुष्यता का परिचय देते हैं ।<br>• ये सदैव अपने त्याग से दूसरों को आगे बढ़ाने में सहायक बनते हैं ।<br>• इनकी उपयोगिता सुदृढ़ नींव जैसी होती है ।<br>( किन्हीं दो बिंदुओ का उल्लेख अपेक्षित ) | 2 |
| | | |
| **11.** | पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : | 2x4=8 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| (क) | 'माता का अंचल' नामक पाठ में लेखक ने तत्कालीन समाज का चित्रण करते हुए वहाँ की जीवन-शैली का उल्लेख किया है<br>• शांत, प्राकृतिक एवं आत्मीयता से परिपूर्ण वातावरण<br>• सरल एवं सादगीपूर्ण जीवनशैली<br>• पारिवारिक संबंधों में घनिष्ठता<br>• सामूहिकता<br>• प्रकृति से निकटता<br>• शारीरिक खेलों की प्रधानता<br>• खेल -मनोरंजन के सरल और सुलभ साधन<br>( किन्हीं चार बिंदुओ का उल्लेख अपेक्षित ) | 4 |
| (ख) | 'साना-साना हाथ जोड़ि' यात्रा-वृतांत के आधार पर लेखिका ज्योंज्यों- ऊँचाई की ओर बढ़ती जा रही थीं, त्यों- त्यों-<br>• बाज़ार, लोग और बस्तियाँ कम होती जा रही थीं।<br>• चलते-चलते स्वेटर बुनने वाली नेपाली युवतियाँ और कार्टून ढोने वाले बहादुर नेपाली ओझल हो रहे थे।<br>• घाटियों में बने घर ताश के बने घरों की तरह दिख रहे थे।<br>• हिमालय अब अपने विराट रूप एवं वैभव के साथ दिखने लगा था।<br>• रास्ते सँकरे और जलेबी की तरह घुमावदार होते जा रहे थे।<br>• बीच-बीच में रंग-बिरंगे खिले हुए फूल दिख जाते थे।<br>( किन्हीं चार बिंदुओ का उल्लेख अपेक्षित ) | 4 |
| (ग) | हिरोशिमा में अणुबम विस्फोट से निकली रेडियोधर्मी तरंगों ने असमय असंख्य लोगों को कालकवलित कर दिया। लेखक ने उस विस्फोट का दुख भोगते हुए लोगों को देखा। यह देखकर भारत की पूर्वी सीमा की घटना याद आ गई कि कैसे सैनिक ब्रह्मपुत्र में बम फेंककर हजारों मछलियाँ मार देते थे जबकि उनका काम थोड़ी-सी मछलियों से चल सकता था। इससे जीवों का व्यर्थ ही विनाश हुआ था। | 4 |
| | **खंड – घ**<br>**( रचनात्मक लेखन )** | 20 |
| **12.** | निम्नलिखित तीन विषयों में से **<u>किसी एक</u>** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए :<br><u>अनुच्छेद लेखन</u><br>• भूमिका 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक<br>• निष्कर्ष 1 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 1x6=6 |
| | | |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

